## महत्वपूर्ण एवं खास

### वनांचल क्षेत्र मोहला के 5 स्थानों पर 300 से अधिक बच्चों को दी जा रही निःशुल्क कोचिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजनांदगांव जिले के आदिवासी बाहुल वनांचल क्षेत्र मोहला में प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा नवमीं की तैयारी के लिए 5 स्थानों पर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। मोहला विकासखंड के मोहला, गोटाटोला, सोमाटोला, भोजटोला और वासड़ी में लगभग 300 बच्चे निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं। संसदीय सचिव एवं विधायक श्री इंद्रशाह मंडावी ने 2 अक्टूबर को निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर शिखर पुस्तक का विमोचन किया। कोचिंग में मोहला के अनुभवी शिक्षक बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं और इसके लिए शिक्षकों की टीम ने शिखर पुस्तक भी प्रकाशित किया है। इस पुस्तक के विमोचन के बाद बच्चों और उनके पालकों में प्रयास चयन परीक्षा के प्रति ललक बढ़ी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 9 स्थानों पर प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों में कक्षा नवमीं में दाखिले के लिए चयन परीक्षा 10 अक्टूबर को आयोजित होगी। राज्य से 1155 बच्चों का चयन आदिवासी विकासखंडों से किया जाएगा। परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न कक्षा आठवीं स्तर के ज्ञान पर आधारित पूछे जाते हैं। पूर्व वर्षों में मोहला इन परीक्षाओं में प्रदेश में अग्रणी रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा मोहला में अवकाश के दिनों में कक्षा संचालित की जाती है।

### केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण 5 अक्टूबर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक केन्द्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी 5 अक्टूबर को सुबह 11:50 बजे दिल्ली से स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगी। विमानतल में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा स्वागत के उपरांत युवा मोर्चा द्वारा आयोजित बाईक रैली के माध्यम से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचेंगी। प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे आगमन के बाद दोपहर 12 : 50 बजे पत्रकारों को संबोधित करेंगे। वहां से 1:45 बजे भाटागांव उप स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। 3 :05 बजे तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में जल संरक्षण एक पहल कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उसके उपरांत 3: 20 बजे टाऊन हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम का अवलोकन करेगी। केन्द्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी होटल बेबीलॉन में 4 बजे आयोजित गोष्ठी में शामिल होने के उपरांत भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में मुलाकात कर दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### हावड़ा-मुंबई के मध्य फेरे लगाने वाली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 03 माह बढ़ाया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्री सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन के द्वारा हावड़ा एवं मुंबई के मध्य चल रही 02096/ 02095 हावड़ा-मुंबई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया। रेल मंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन की सुविधा 02096 हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन हावड़ा से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार को 02 जुलाई से 29 सितम्बर तक चल रही है, जिसका विस्तार 29 दिसम्बर तक किया गया है । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02095 मुंबई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन मुंबई से प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, रविवार को 04 जुलाई से 30 सितम्बर तक चल रही है, जिसका विस्तार 30 दिसम्बर तक किया गया है।

### तेजरफ्तार कार बेरिकेड्स तोड़ डिवाइडर से टकराई

**कोरबा (आरएनएस)।** कोसाबाड़ी चौक पर तेजरफ्तार कार बेकाबू हो गई। इससे कार पुलिस के बेरिकेड्स को तोड़ते हुए डिवाइडर से जा टकराई। चालक को हल्की चोट लगी। कोसाबाड़ी चौक पर चर्च के सामने बने चौराहे के चलते निहारिका से रिस्दी रोड की ओर आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को भ्रम हो जाता हैए क्योंकि चौराहा सही ढंग से नहीं बना है। इससे पुलिस ने निर्मला स्कूल के सामने से चौराहे तक बेरिकेड्स लगाया है। इसके बाद भी लोग तेजरफ्तार वाहन चलाते हुए या शार्टकट के चक्कर में लापरवाही बरतते हैं। सुबह एक तेजरफ्तार कार सी. जी.12 ए एल 3823 गलत दिशा में आकर बेरिकेड्स को तोड़ते हुए सड़क के बीच डिवाइडर से टकरा गई।

# 7 को राम वन गमन परिपथ के उद्घाटन से पर्यटकों को मिलेगी नयी सौगात

**» सीता की रसोई, राम-लक्ष्मण की गुफाएं और कालीदास की रचना-स्थली और विश्व की प्राचीन नाट्य-शाला को जान सकेगी दुनिया**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पर्यटन परिपथ विकास के तहत पहले चरण में जिन 9 स्थलों का चयन कर उन्हें पर्यटन तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है, उनमें से सरगुजा संभाग के भी दो स्थल शामिल हैं। इनमें से एक है कोरिया जिले में स्थित सीमामढ़ी हर चौका, और दूसरा है सरगुजा जिले में स्थित रामगढ़। 07 अक्टूबर को जब चंदखुरी में राम गमन पर्यटन परिपथ का शुभारंभ होगा तब देश के पर्यटन नक्शे में भगवान राम के वनवास काल से जुड़े ये दोनों महत्वपूर्ण स्थल भी नयी संभावनाओं के साथ उभरकर सामने आएंगे। चंदखुरी में इस परियोजना के शुभारंभ के लिए नवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने की भव्य तैयारी की जा रही है।



राम वन गमन पर्यटन परिपथ में रायपुर के निकट स्थित चंदखुरी के प्राचीन माता कौशल्या मंदिर परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण का एक चरण पूरा हो चुका है। 07 अक्टूबर को यहां विकसित नयी पर्यटन सुविधाओं के लोकार्पण के साथ-साथ पूरे राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी शुभारंभ किया जाना है। कोरोना-काल में बाधित हुई पर्यटन गतिविधियों के बाद यह नया परिपथ घरेलू पर्यटन में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ा उपहार होगा।

वनवास के दौरान भगवान राम ने कोरिया जिले से ही छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। भरतपुर तहसील के जनकपुर में स्थित सीतामढ़ी-हरचौका को उनका पहला पड़ाव माना जाता है। मवाई नदी के किनारे स्थित सीतामढ़ी-हरचौका की गुफा में 17 कक्ष हैं। इसे सीता की रसोई के नाम से भी जाना जाता है। वहां एक शिलाखंड है जिसे लोग भगवान राम का पद-चिन्ह मानते हैं। मवाई नदी तट पर स्थित गुफा को काट कर 17 कक्ष बनाए गए हैं, जिनमें शिवलिंग स्थापित हैं। इसी स्थान को हरचौका (रसोई) के नाम से जाना जाता है। भगवान राम हरचौका से रापा नदी के तट पर स्थित सीतामढ़ी-घाघरा पहुंचे थे। यहां करीब 20 फीट ऊपर 4 कक्षों वाली गुफा है, जिसके बीच में शिवलिंग स्थापित है। आगे की यात्रा में वे घाघरा से निकलकर कोटाडोला होते हुए सरगुजा जिले की रामगढ़ पहाड़ी पहुंचे थे।

सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर से 50 किलोमीटर दूर स्थित रामगढ़ एक ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक महत्व का स्थल है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई लगभग 3 हजार 202 फीट है।

इस स्थान को महाकवि कालिदास की अनुपम रचना '' मेघदूतम'' की रचना स्थली माना जाता है। विश्व की सर्वाधिक प्राचीनतम् शैल नाट्यशाला के रूप में भी यह विख्यात है। ''सीताबेंगरा'' और ''जोगीमारा'' की गुफाएं तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्यकाल के समय की मानी जाती हैं। जोगीमारा गुफा में मौर्य कालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख तथा सीताबेंगरा गुफा में गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख के प्रमाण मिलते है। जोगीमारा गुफा की एक और विशेषता है कि यहां भारतीय भित्ति चित्रों के सबसे प्राचीन नमूने अंकित हैं।

पुरातात्विक दस्तावेजों के रूप में मूर्तियों, शिलालेखों एवं ताम्रपत्रों का बड़ा महत्व माना जाता है। रामगढ़ में ऐसे महत्व की वस्तुएं उपलब्ध है। जोगीमारा गुफा में लगभग 8 मूर्तियां संग्रहित हैं। यह मूर्तियां लगभग 2 हजार वर्ष पुरानी हैं।

रामगढ़ पहाड़ी के ऊर्ध्व भाग में दो शिलालेख मौजूद हैं। प्रस्तर पर नुकीली छेनी से काटकर लिखे गए इस लेख की लिपि पाली और कुछ-कुछ खरोष्टी से मिलती जुलती है। लिपि विशेषज्ञों ने इसे एक मत से पाली लिपि माना है।

रामगढ़ के निकट स्थित महेशपुर वनस्थली महर्षि की तपोभूमि थी। इस स्थल पर ही लगभग 10 फीट ऊपर ''कालीदासम्'' खुदा हुआ है। सीताबेंगरा के ही पार्श्व एक सुगम सुरंग मार्ग है, जिसे हाथी पोल कहते हैं। इसकी लम्बाई लगभग 180 फीट है। इसका प्रवेश द्वार लगभग 55 फीट ऊंचा है।

## स्कूल में गिरी आकाशीय बिजली, 10 बच्चो झुलसे, 1 की मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सीपत क्षेत्र में ग्राम मचखण्डा स्कूल में सोमवार को आकाशीय बिजली आ गिरी, जिससे एक छात्र की मौत हो गई, वहीं 9 अन्य छात्र घायल हो गए। घायलों को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जिनमें से 2 की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के सीपत क्षेत्र के मचखण्डा गांव में आज दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली अयूब खान उच्चतर माध्यमिक शाला में आ गिरी। उस समय स्कूल लगा हुआ था और बच्चे वहां पढ़ रहे थे, जिनमें से 10 बच्चे बिजली की चपेट



में आ गए। कक्षा छठवीं के छात्र शिवम साहू की इस घटना में मौत हो गई, वहीं अंजली मरावी 12वीं, मिथिलेश केंवट 12वीं, सायरा बानो 6वीं, आलिया 6वीं, अंजली 12वीं, सोमराज आठवीं, प्रदीप यादव 9वीं, चेतन यादव 6वीं, रचना 6वीं और भूपेंद्र साहू 10वीं झुलस गये। सभी बच्चों को सिम्स में भर्ती कराया गया, यहां उनका उपचार चल रहा है। बताया गया कि भर्ती किए गए बच्चों में 02 की हालत नाजुक है।

## हत्या में शामिल स्थायी वारंटी एक नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी एवं कैम्प जैवारम से 222/डी कंपनी का बल बरदेला, बड़े तुंगाली, पिटेतुंगाली, पोटेनार, गदामली की ओर सर्चिंग में निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा बड़ेतुंगाली के जंगल से 01 नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष माड़वी बुधराम पिता माड़वी छन्नू उर्फ सन्नू उर्फ भीमा उर्फ सोमा साकिन बड़ेतुंगाली थाना जांगला को गिरफ्तार किया गया है। जो वर्तमान में बड़ेतुंगाली जनताना सरकार अध्यक्ष एवं पोटेनार आरपीसी का उपाध्यक्ष है। वर्ष 2006 से 2010 तक एलओएस सदस्य के रूप में कार्य किया है। इसके विरूद्ध थाना जांगला में 20 स्थायी वारंट भी लंबित है। थाना जांगला में कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

गिरफ्तार नक्सली माड़वी बुधराम थाना जांगला क्षेत्रन्तर्गत 03 जुलाई 2007 को ग्राम बड़ेतुंगाली के ग्रामीण की हत्या में शामिल था, 22 जूलाई 2007 को बड़ेतुंगाली के ग्रामीण पोटामी मंगु की हत्या एवं घर से राशन सामग्री लूट की घटना में शामिल था, 16 अगस्त 2007 को



बरदेला के ग्रामीण मासाराम कोरसा की हत्या में शामिल था, 22 मार्च 2011 को एसपीओ गुडडू कर्मा की हत्या में शामिल था, 06 मई 2011 को राहत शिविर निवासी का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था। मिनगाचल में सहायक आरक्षक की हत्या में शामिल था, 07 जनवरी 2018 को सहायक आरक्षक राजू लेकाम की हत्या में शामिल, 30 सितंबर 2020 को छोटे गोंगला के ग्रामीण की हत्या में शामिल था, 30 सितंबर 2020 को ग्राम बरदेला निवासी धनीराम कोरसा की हत्या एवं लूट में शामिल था। इसके अलावा पेड़ काटकर मार्ग अवरूद्ध करने, आईईडी लगाने तथा विस्फोट करने,पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल था।

## वेब-सीरिज सिक्स सस्पेक्ट्स के बाद छत्तीसगढ़ में अब मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा की जहांनाबाद की होगी शूटिंग

**» छत्तीसगढ़ में शूटिंग के लिए हर तरह का लोकेशन, राज्य सरकार की पहल व दी जा रही सुविधाओं से फिल्मों, वेब-सीरिज की शूटिंग को मिलेगा बढ़ावा : सुधीर मिश्रा**

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश की नई फिल्म नीति मुम्बई के ख्यातनाम फिल्मकारों को छत्तीसगढ़ में अपनी फिल्मों और वेब-सीरिज की शूटिंग के लिए आकर्षित कर रही है। हाल ही में तिग्मांशु धुलिया निर्देशित व आशुतोष राणा अभिनीत वेब-सीरिज 'सिक्स सस्पेक्ट्स' की शूटिंग के बाद अब देश के नामचीन फिल्मकार सुधीर मिश्रा 'सोनी लिव' तथा 'स्टूडियो नेक्स्ट' पर प्रसारित होने वाली अपनी वेब-सीरिज 'जहांनाबाद' की शूटिंग के लिए यहां आ रहे है। आगामी नवम्बर माह से करीब दो महीनों तक कांकेर, कवर्धा, राजनांदगांव और रायपुर के विभिन्न लोकेशन्स पर इसका फिल्मांकन होगा। स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को भी इसमें काम करने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 8 सितम्बर को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की नई फिल्म नीति को मंजूरी दी गई है। नई नीति के तहत यहां फिल्मों के निर्माण के लिए स्थानीय फिल्मकारों की सहायता के साथ ही पर्यटन और अधोसंरचना की मजबूती के लिए बॉलीवुड के फिल्मकारों को भी आकर्षित किया जाएगा। नई फिल्म नीति के अनुसार छत्तीसगढ़ को फिल्म अनुकूल राज्य बनाने, फिल्मों की शूटिंग के लिए सेंट्रल हब के रूप में विकसित करने, स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार के अवसरों के विकास और फिल्म निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने के साथ ही यहां के प्राकृतिक व सांस्कृतिक स्थलों को फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी।

मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा ने प्रदेश की नई फिल्म नीति का स्वागत करते हुए कहा कि इसकी बहुत जरूरत थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस पहल से इस खूबसूरत राज्य के विभिन्न लोकेशन्स में शूटिंग के लिए फिल्मकारों को मदद और सुविधाएं मिलेंगी। यहां हर तरह के लोकेशन्स हैं।

घने जंगल, आदिवासी इलाके, भिलाई इस्पात संयंत्र, प्राचीन शहरों और मंदिरों के साथ रायपुर और बिलासपुर के मनमोहक नजारे भी हैं। मिश्रा ने बताया कि हम लोगों ने 'सोनी लिव' और 'स्टूडियो नेक्स्ट' पर प्रसारित होने वाली अपनी वेब-सीरिज 'जहांनाबाद' की शूटिंग के लिए छत्तीसगढ़ को चुना है। यह राजीव बरनवाल द्वारा लिखित तथा उनके व सत्यांशु सिंह द्वारा निर्देशित अद्भुत शो है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1118.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 1118.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 04 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1526.5 मिमी और महासमुन्द जिले में सबसे कम 932.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 949.9 मिमी, सूरजपुर में 1274.6 मिमी, बलरामपुर में 1073.8 मिमी, जशपुर में 1115.9 मिमी, कोरिया में 1020.9 मिमी, रायपुर में 954.7 मिमी, बलौदाबाजार में 1005.9 मिमी, गरियाबंद में 1070 मिमी, धमतरी में 1028.5 मिमी, बिलासपुर में 1112.5 मिमी, मुंगेली में 1128.8 मिमी, रायगढ़ में 939 मिमी, जांजगीर चांपा में 1153.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1399.1 मिमी, दुर्ग में 1007.6 मिमी,कबीरधाम में 956.2 मिमी, राजनांदगांव में 1001.4 मिमी, बालोद में 947 मिमी, बेमेतरा में 1232.7 मिमी, बस्तर में 1136.8 मिमी, कोण्डागांव में 1126.7 मिमी, कांकेर में 1043.4 मिमी, नारायणपुर में 1291.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 1223.5 मिमी, सुकमा में 1428.1 मिमी, और बीजापुर में 1224.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

## कबाड़ के खिलाफजिले मे बड़ी कार्यवाही, चोरी का कबाड खपाने जा रही ट्रक को दर्री पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** दर्री पुलिस ने रविवार सोमवार की दर्मियानी रात को कबाड़ लोड ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं कबाड़ सरगना कटघोरा निवासी बंटी अग्रवाल अभी फरार है। पुलिस अधीक्षक कोरबा, भोजराम पटेल द्वारा जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब, जुआ, सट्टा, डीजल, कबाड के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक कोरबा से प्राप्त निर्देश के पालन में 4अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली की 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 4953 में अवैध कबाड भरकर ले जाया जा रहा है। जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी दर्री के नेतृत्व में हमराह स्टाफ के साथ घेरा बंदी कर अवैध कबाड से भरे ट्रक को दर्री बस्ती के पास रोककर पकडा गया । नगर पुलिस अधीक्षक दर्री लितेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि ट्रक चालक से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह कबाड कटघोरा निवासी बंटी अग्रवाल द्वारा अपने गोदाम एवं बाहर में छिपाकर रखे लोहे का एंगल चैनल, रोलर एवं बिजली टावर लाईन का सामान प्लेट एंगल नये पुराने तथा कबाड़ सामान लोहा सायकल छड़ आदि सामान को मेरे ट्रक पर लोड कराया , ट्रक को अंबे धर्मकाटा कटघोरा में तौल करवाया जिसका वजन कुल 22 टन हुआ था। तथा बंटी अग्रवाल ने ट्रक के सामान को लेकर रायगढ़ पहुंचने और रायगढ़ पहुंचकर बंटी अग्रवाल मुझे फोन करना बोला था। फिर मेरा आदमी वहां लेने आयेगा मैं बोलूंगा तो उसी के साथ जाकर सामान खाली कर देना बंटी अग्रवाल बोला था। इसके पहले भी मेरे द्वारा कबाड़ माल लेकर कटघोरा जा चुका हूँ बताया। ट्रक में भरा कबाड की कीमत करीबन ग्यारह लाख रूपये है एवं ट्रक की कीमत 50,0000 रूपये है। कुल 16,00000 रूपये है। आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त वाहन स्वामी एवं कबाड चोरी करने वालों का पता तलाश किया जा रहा है।

## कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, बलरामपुर और नारायणपुर में कोरोना का एक भी मरीज नहीं

**» लगातार घट रही है प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या, वर्तमान में कुल 254 सक्रिय मरीज**

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण प्रदेश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या घट रही है। प्रदेश में अभी कोरोना संक्रमितों की संख्या 254 है। राज्य के पांच जिलों कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और नारायणपुर में कोरोना का एक भी सक्रिय मरीज नहीं है।



अभी प्रदेश की औसत पॉजिविटी दर 0.1 प्रतिशत है।

प्रदेश के 19 जिलों में 3 अक्टूबर को कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 14 हजार 674 सैंपलों की जांच में 15 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, बस्तर, सुकमा, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिले में 3 अक्टूबर को कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है। इस दिन दुर्ग, मुंगेली, जशपुर और कोंडागांव में एक-एक, बलौदाबाजार-भाटापारा, बिलासपुर, कोरबा और जांजगीर-चांपा में दो-दो तथा दंतेवाड़ा में तीन व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU